सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - २ २ | सोमवार –१८/११/२०२४ | पृष्ठ – ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### बुलडोजर न्याय पर सुप्रीम कोर्ट सख्त।

देश के अलग–अलग हिस्सों में शुरू हुए कथित 'बुलडोजर न्याय' के नए चलन में निहित खतरों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही इस पर प्रभावी रोक लगा दी। इस संबंध में बुधवार को आया सर्वोच्च अदालत का फैसला निश्चित रूप से सख्त फैसलों की श्रेणी में रखा जाएगा, लेकिन यह सख्ती जरूरी थी।

मामले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से हो सकता है कि एक बार शुरू होने के बाद यह चलन तेजी से फैलता जा रहा था। कई राज्यों में इसे अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने का एक कारगर तरीका माना जाने लगा था। हालांकि इसे गलत और मान्य कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ बताने वाले भी कम नहीं थे, लेकिन न केवल आम लोगों के एक हिस्से में इसके प्रति समर्थन देखा जा रहा था बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी इसके बचाव में कई तरह की दलीलें दी जा रही थीं। इन सबसे असमंजस के हालात बने हुए थे।

इस केस पर विचार करते हुए कोर्ट को कई सवालों से जूझना पड़ा। मसलन– कानून का पहलू तो इससे जुड़ा था ही, संविधान द्वारा नागरिकों को दिए गए उन अधिकारों का भी सवाल था जो उसे राज्य की मनमानी कार्रवाइयों से सुरक्षा देते हैं। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और लोकसेवकों के प्रति आम जनों के विश्वास का प्रश्न भी इससे जुड़ा था।

सुप्रीम कोर्ट ने इन तमाम पहलुओं का ध्यान रखते हुए न केवल बुलडोजर के जरिए न्याय करने की इस प्रवृत्ति को खारिज किया बल्कि उन आधारों को भी स्पष्ट किया, जिनसे इस बात की पहचान होती है कि प्रशासन ने कब अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया। फैसले में कहा गया है कि जब किसी खास निर्माण को अचानक निशाना बनाया जाता है और उस तरह के अन्य निर्माणों को छुआ भी नहीं जाता, तब ऐसा लगता है कि कार्रवाई का असल मकसद किसी आरोपी को बिना मुकदमा चलाए सजा देना है।

खास बात यह कि शीर्ष अदालत इस तरह की कार्रवाई को गलत बताकर ही नहीं रुकी, उसने यहां तक कहा कि अगर किसी व्यक्ति का घर इस तरह से तोड़ा जाता है तो उसे फिर से बनाने का खर्च संबंधित ऑफिसरों के वेतन से काटा जाएगा।

## ब्राजील में 21 सदस्यी जी-20 समिट में मोदी शामिल ,चीनी पीएम से हो सकती है मुलाकात

*मोदी नाईजीरिया से सीधे ब्राजिल पहुचे , दो १८व१९ नवम्बर तक दिन चलेगी समिट*



ब्राजील में आज से 19वें जी 20 समिट की शुरुआत हो रही है। समिट में शामिल होने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील के रियो डि जेनेरियो पहुंच चुके हैं। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया।

समिट दो दिन 18 और 19 नवंबर तक चलेगा। 19 देश और 2 संगठन (यूरोपियन यूनियन और अफ्रीकन यूनियन) जी 20 का हिस्सा हैं। 2023 में जी 20 समिट का आयोजन भारत में हुआ था।

जी 20 समिट के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी रियो पहुंचेंगे। यहां सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बातचीत होने की संभावना है। अगर ब्राजील में मोदी और जिनपिंग मिलते है तो ये दोनों नेताओं की एक महीने के अंदर दूसरी मुलाकात होगी।इससे पहले 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में दोनों नेता पांच साल बाद मिले थे। यहां उनके बीच 50 मिनट तक बात हुई थी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनीचाहिए। इसके बाद भारत और चीन ने देपसांग और डेमचोक से सेनाएं बुला ली थीं। 2020 में भारत–चीन सीमा पर हुई गलवान झड़प के बाद से 2024 ब्रिक्स समिट तक दोनों नेताओं के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात नहीं हुई थी।

## कपूरथला के व्यक्ति की इटली में खेतों मे काम करते ट्रक्टर की चपेट मे आने से मौत

पंजाब के सुल्तानपुर लोधी के एक व्यक्ति की इटली में मौत हो गई। इटली के कैंपानिया प्रांत के बट्टी पालिया (सालेर्नो) शहर के पास इबोली इलाके के कैंपोलोगो में खेत में काम करते ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान सुल्तानपुर लोधी के ताशपुर गांव के रहने वाले मनजिंदर सिंह के रूप में हुई है। उनके साथ काम करने वाले मनिंदर सिंह बल ने परिवार से बताया कि मनजिंदर अकेले खेतों में हल चला रहे थे और वह दोपहर को अपने साथियों के साथ काम छोड़कर थोड़ी दूर खेतों में आराम करने चले गए। खेत के मालिक ने उन्हें फोन पर बताया कि मनजिंदर सिंह रिम्पा के साथ हादसा हो गया है।

## बेंगलुरु में पिता ने चौदाह साल के बेटे की बल्ले से पीटकर की हत्या ।

बेंगलुरु में रवि कुमार नाम का शख्स अपने बेटे के मोबाइल एडिक्शन और पढ़ाई में कम इंटरेस्ट को लेकर परेशान था। इस बात को लेकर उसकी बेटे से बहस हुई, जिसके बाद उसने बेटे की हत्या कर दी। इतना ही नहीं, आरोपी पिता और परिवार के बाकी लोगों ने इस मर्डर को छिपाने की भी कोशिश की। वे लोग बिना किसी को पता चले लड़के का अंतिम संस्कार करने वाले थे। उन्होंने चिता भी सजा ली थी, लेकिन पड़ोसियों के सूचना देने पर ऐन मौके पर पुलिस वहां पहुंच गई और लड़के के शव को अपने कब्जे में ले लिया और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि रवि कुमार नौवीं क्लास में पढ़ने वाले अपने बेटे तेजस का मन पढ़ाई में न लगने से नाराज था।

हत्या वाले दिन मोबाइल फोन रिपेयर कराने की बात पर उसकी बेटे से बहस हो गई, जिसके बाद उसने आपा खो दिया।चोट लगने से लड़का जमीन पर गिर गया और दर्द से कराहने लगा। सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच उसकी हालत खराब होती गई, लेकिन उसे कोई अस्पताल नहीं ले गया। जब उसे अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## महाराष्ट्र चुनाव वोटिंग से पहले एकनाथ शिंदे ने खुद को ओर देवन्द्र फडणवीस को सीएम की रेस से अलग बताया

*आजतक न्युज चैनल से बात में एकनाथ शिंदे ने खुद को बताया रेस से बाहर*

महाराष्ट्र में वोटिंग से 2 दिन पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि वो सीएम पद की रेस में नहीं हैं। आजतक से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये भी तय है कि सीएम महायुति का ही होगा। एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के डिप्टी ब्ड देवेंद्र फडणवीस ने ।आजतक से बातचीत में भी यही बात कही थी ।सीएम शिंदे ने आजतक से कहा– कांग्रेस की नीति फूट डालो राज करो की है। राहुल गांधी, बाला साहेब ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट कब कहेंगे? शिंदे ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे कहते थे कि मैं अपनी पार्टी को कभी भी कांग्रेस नहीं बनने दूंगा, लेकिन उद्धव ठाकरे खुद के स्वार्थ और मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस के साथ चले गए। शिंदे ने पीएम मोदी के एक हैं तो सेफ हैं नारे का भी समर्थन किया। महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों के लिए सिंगल फेज में 20 नवंबर वोटिंग होगी। 23 नवंबर को इसका रिजल्ट आएगा।

## श्रीलंका संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति दिसानायके के गठबंधन की जीत बहुमत के लिए 113 सीटे चाहिए थी

श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की जीत हुई है। सभी सीटों के नतीजों सामने आ चुके हैं। एनपीपीने जिलों के आधार पर तय होने वाली 196 सीटों में से 141 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है।दूसरे स्थान पर 18: वोट और 35 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी एसजेबी पार्टी मौजूद है। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वालनतीजों के मुताबिक एनपीपी को 61 प्रतिशत यानी 68 लाख वोट मिले हैं। नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट को 5 प्रतिशत वोट और 3 सीटें ही मिली हैं।

## 1500 किलोमीटर से ज्यादा रेंज की स्वदेशी हाईपरसोनिक मिसाईल का सफल परिक्षण ।

*४८० किलोग्राम तक ले जाने में सक्षम इसे रोक पाना संभव नहीं*

डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने शनिवार रात लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल की सफल टेस्टिंग की। इसका वीडियो शेयर करते हुए ने बताया कि ओडिशा के तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम आजाद द्वीप से मिसाइल को ग्लाइडेड व्हीकल से लॉन्च किया गया। मिसाइल की फ्लाइट ट्रेजेक्टरी की ट्रैकिंग के बाद टेस्टिंग सफल मानी गई है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार सुबह एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा– इस मिसाइल की सफल टेस्टिंग से भारत उन चुनिंदा देशों के ग्रुप मशामिल हो गया, जिसके पास ऐसी सैन्य तकनीक है। यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह देश के लिए एक ऐतिहासिक पल है। लंबी दूरी की इस हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज 1500 किलोमीटर से ज्यादा है। इस मिसाइल से हवा, पानी और जमीन तीनों जगहों से दुश्मन पर हमला किया जा सकता है।

लॉन्च के बाद इसकी रफ्तार 6200 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंच सकती है, जो साउंड की स्पीड से 5 गुना ज्यादा है।

## पीएम मोदी ने गोधरा काण्ड पर बनी फिल्म तारीफ

*सच सामने आनो अच्छी बात झूठी धारणा कुछ वक्त तक रहती हैं।*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोधरा कांड पर बनी फिल्म साबरमती रिपोर्ट की तारीफ की। उन्होंने एक यूजर की साबरमती रिपोर्ट पर की गई पोस्ट को एक्स पर रीट्वीट करके लिखा– यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है, वो भी इस तरह से कि आम जनता भी इसे देख सके। झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त कायम रह सकती है, हालांकि तथ्य सामने आता ही है ।फिल्म साबरमती रिपोर्ट 2 दिन पहले 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म करने के बाद एक्टर विक्रांत मेसी ने कहा था कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

च्ड मोदी ने जो पोस्ट रीट्वीट की है, वो एक जर्नलिस्ट की है। उसमें फिल्म को लेकर कहा गया है कि यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। हमारे इतिहास की सबसे शर्मनाक घटना का सच यह फिल्म सामने लाती है। इसे बनाते वक्त निर्माताओं ने सम्मान और संवेदनशीलता का बहुत ध्यान रखा है। इस फिल्म ने दिखाया कि कुछ राजनीतिज्ञों ने ट्रेन में पैसेंजर्स को जलाए जाने की घटना का इस्तेमाल कैसे एक लीडर की छवि खराब करने के लिए किया।

## झाँसी अग्निकाण्ड में अब तक ग्यारह की मृत्यु

झांसी अग्निकांड में एक और नवजात की मौत हो गई है। इस बच्चे को अग्निकांड के दौरान वार्ड से रेस्क्यू किया गया था। अब तक मरने वाले बच्चों की संख्या 11 हो गई है। हालांकि डीएम अविनाश कुमार ने कहा– नवजात की मौत बीमारी की वजह से हुई है। वह जला नहीं थी। इधर, अग्निकांड की पहली जांच रिपोर्ट अब 12 घंटे में नहीं आएगी। सरकार ने जांच के बीच ही कमेटी बदल दी। पहले जांच की जिम्मेदारी झांसी के मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे को दी गई थी। अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह को जांच सौंपी गई है। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने भास्कर को बताया– उनकी अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी रिपोर्ट नहीं देगी। उन्होंने शनिवार को पीड़ित परिवारों और हॉस्पिटल स्टाफ के बयान दर्ज किए थे।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



facebook

Instagram

# https://sbpatra.in/

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

# SWATANTRA BODDHIK PATRA

## खबरों के लिए लोगिंन करे !

# https://sbpatra.in/

# निःशुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## इजराइल पीएम नेतन्याहू के घर एक महीने में दो बार हुआ हमला।

*हमले के वक्त इजराइली पीएम का परिवार घर पर नही था – सुरक्षा एजेंसीयो का दावा*



इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सीजेरिया स्थित घर पर फिर से हमला हुआ है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, प्रधानमंत्री के घर की तरफ 2 फ्लेयर्स (आग के गोले) दागे गए, जो घर के आंगन में गिरे। इजराइली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हमला कहां से हुआ और किसने किया, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिली है। इजराइली सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने बयान में कहा कि इस घटना में किसी तरह के नुकसान की खबरनही है। सिक्योरिटी एजेंसी ने यह भी कहा कि हमले के वक्त नेतन्याहू और उनका परिवार परिवार घर पर नहीं था। उन्होंने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।इससे पहले 19 अक्टूबर को नेतन्याहू के घर पर हिजबुल्लाह ने हमला किया था। तब एक ड्रोन नेतन्याहू के घर के पास एक इमारत पर गिरा। कोई हताहत नहीं हुआ था। उस समय भी नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे।

## अमेरिका को खेमेनेई का मेसेज ,ट्रम्प की हत्या का कोई इरादा नही कानुनी तरीके से इंसाफ करेंगे

*अमेरिका ने ड्रोन अटेक कर सुलेमानी की हत्या की थी।*



ईरान ने अमेरिका को एक मैसेज भेजकर साफ कर किया है कि उसका नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या का कोई इरादा नहीं है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अक्टूबर में थर्ड पार्टी के जरिए अमेरिका को यह मैसेज भेजा था। ईरान ने यह भी कहा है कि वह अमेरिका के साथ तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है। मानी की हत्या कर दी थी। यह हमला ट्रम्प के निर्देशों पर किया गया था। रपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अमेरिका से मिली चेतावनी देने के बाद यह मैसेज भेजा। दरअसल, बाइडेन प्रशासन ने सितंबर महीने में ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर ट्रम्प की हत्या की कोई भी कोशिश होती है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप था कि ईरान ट्रम्प और ट्रम्प प्रशासन के कई अधिकारियों की हत्या की साजिश रच रहा है। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि ईरान, ट्रम्प की हत्या करके 2020 के ड्रोन हमले का बदला लेना चाहता है। दरअसल, 2020 में अमेरिका ने सीरिया में ड्रोन हमले के जरिए ईरान के सैन्य कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी थी।

## कनाडा ने वॉन्टेड अपराधी सिद्धू को बताया बेकसुर

कनाडा ने भारत में भगोड़े आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल अपराधी संदीप सिंह सिद्धू उर्फ सनी टोरंटो को बेकसूर करार दिया है। सनी पर लगे आतंकवाद फैलाने के आरोपों की जांच कनैडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस कर रही थी। एजेंसी ने उसे क्लीन चिट दे दी है

संधू पेशे से एक शिक्षक और खालिस्तान विरोधी थे। 90 के दशक में पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के चलते उन्हें 1993 में शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। 16 अक्टूबर 2020 को उन्हें पंजाब के भिखीविंड में अपने घर के सामने गोली मार दी गई जिसमें उनकी मौत हो गई।

इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने बताया था कि सनी टोरंटो ने उन्हें संधू को मारने का काम सौंपा था।

## डेमिनिका देश देगा प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान अब तक 14 देशो ने मोदी को करा सम्मानित

*भारत ने २०२१ मे डोमिनिका को ७० हजार कोविड वैक्सीन के डोज दिए थे।*

कैरेबियाई देश डोमिनिका ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार– डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर देने की घोषणा की है। भारतीय प्रधानमंत्री को कोविड–19 महामारी के दौरान डोमिनिका की मदद करने के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है।
भारत ने फरवरी 2021 में डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड–19 वैक्सीन के 70 हजार डोज भेजे थे। यह वैक्सीन डोमिनिका और उसके पड़ोसी अन्य कैरेबियाई देशों के काम आई थी। भारतीय प्रधानमंत्री के डोमिनिका के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग के लिए यह अवॉर्ड दिया जा रहा है।डोमिनिका के राष्ट्रपति सिलवेनी बर्टन प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना में भारत–कैरिकॉम समिट के दौरान यह पुरस्कार देंगे। मोदी 19 से 21 नवंबर के बीच गुयाना के दौरे पर रहेंगे। रूस ने इसी साल 9 जुलाई को च्ड मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान श्ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोस्टलश से नवाजा था। वे यह सम्मान पाने वाले भारत के पहले और चौथे गैर–रूसी व्यक्ति बने। अब तक 13 देश पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं।

## इजराइल की सीरिया पर एयर स्ट्राइक १५ मौत ,१६ घायल , इस्लामिक जिहद संगठन कॊ ठिकानॊ कॊ निशाना बनाया – इजराइल



इजराइल ने गुरुवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क और उसके पास के एक इलाके पर हवाई हमले किए। इनमें 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। सीरिया की सरकारी एजेंसी ने यह जानकारी दी। दमिश्क के माजेह इलाके और कुदसाया उपनगर में दो इमारतों पर हमला हुआ। माजेह में एक पांच मंजिला इमारत का बेसमेंट मिसाइल से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने इस्लामिक जिहाद संगठन के ठिकानों को निशाना बनाया।सेना के मुताबिक, यह संगठन 7 अक्टूबर 2023 को हमास के साथ हुए हमलों में शामिल था, जिसमें 1,200 से ज्यादा इजरायली नागरिक मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। लेबनान में अब तक 3 हजार से ज्यादा मौतें – लेबनान में भी इजरायली हवाई हमलों में अब तक 3,365 लोगों की मौत हो चुकी है और 14,344 लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने कहा कि उसने पिछले एक हफ्ते में लेबनान में 300 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए।

## सत्तत्राह साल में मोदी का नाइजीरिया दौरा 2007 मे मनमोहन सिंह नाइजीरिया कि की थी यात्रा

*नाइजीरिया मे १५० से ज्यादा भारतीय कम्पनीया है*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नाइजीरिया रवाना हो गए। वे राष्ट्रपति अहमद टिनूबू के न्योते पर पहली बार नाइजीरिया जा रहे हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का 17 साल में पहला नाइजीरिया दौरा होगा। मोदी से पहले साल 2007 में तत्कालीन च्ड डॉ. मनमोहन सिंह नाइजीरिया के दौरे पर गए थे।
च्ड मोदी रविवार को राष्ट्रपति टिनूबू से मुलाकात करेंगे। उनके बीच भारत–नाइजीरिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। इसके बाद मोदी राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। भारत के लिए अहम क्यों है नाइजीरिया – तेल और गैस के विशाल भंडार की वजह से नाइजीरिया, अफ्रीका के अहम देशों में से एक है। यह देश भारत की अफ्रीका में भारतीय निवेश खासकर ऊर्जा, खनन, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहा है।
नाइजीरिया इस्लामिक देशों के संगठन और तेल उत्पादक देशों के संगठन का अहम सदस्य है। ये दोनों संगठन भारत की कूटनीति और आर्थिक नीति के लिए अहम हैं। 66 साल पुराने हैं भारत–नाइजीरिया के रिश्ते – भारत ने आजादी के बाद अफ्रीकी देशों की आजादी का पुरजोर समर्थन किया था। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरुआत नाइजीरिया की आजादी से पहले ही हो गई थी। भारत ने 1958 में नाइजीरिया में डिप्लोमैटिक हाउस की स्थापना की थी। इसके 2 साल बाद नाइजीरिया को आजादी मिली।

## अमृतसर पुलिस ने सरहद पार से आई साठ कारोड से ज्यादा की ड्रग्स



अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीमा पार से आई 60 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान के दौरान एक महिला सहित 3 तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ और हथियार जब्त किए हैं।
पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8.275 किलोग्राम हेरोइन, 6 किलोग्राम अफीम, 13.1 किलोग्राम रसायन (ड्रग्स उत्पादन में इस्तेमाल वाला पदार्थ), 4 पिस्तौल और 17 जिंदा कारतूस बरामद किए। यह बरामदगी न केवल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इसके साथ जुड़े हथियारों के कार्टेल पर भी कड़ी चोट है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान आदित्य प्रताप उर्फ काका (23), निवासी भल्ला कॉलोनी छेहर्टा, अमृतसर, और शंभू कबीर (35), निवासी प्रेम नगर, कोट खालसा, अमृतसर के रूप में हुई है। वहीं, एक युवती भी पकड़ी गई है, जो इस गैंग के सरगना की बेटी है।

## ईरान में हिजाब के खिलाफ प्रर्दाशन करने वाली छात्रा गिरफ्तार , पुलिस बोली छात्रा मानसिक रूप से बिमार

*ईरान की नौबल विजेता नरगिस बोली विराध की किमत चुका रही छात्रा।*



खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक वेबसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा